Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 10-08-2006

Participants : Singh Shri Rakesh

>

Title : Need to set up a sub-centre of Sports Authority of India at Jabalpur City, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मध्य प्रदेश के प्रमुख शहर जबलपुर में राट्रीय व अंतराट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के प्र ाशिक्षण हेतु र्वा 2001 में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के एक उप-केन्द्र की स्थापना की घोाणा की गयी थी। जिसके लिए मध्य प्र ादेश शासन द्वारा रानीताल स्थित 50 एकड़ खाली भूमि भी निशुल्क हस्तांतरित की गयी। इसके अंतर्गत इनडोर, आउटडोर खेलों के स्टेडियम, स्विमिंग पूल, हॉस्टल एवं कार्यालय के निर्माण प्रस्तावित थे। इस उपकेन्द्र के लिए स्थल चयन व निरीक्षण का कार्य भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, कार्यकारी निदेशक तथा क्षेत्रीय निदेशक आदि अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया तथा इनके निरीक्षण एवं संतुट हो जाने के पश्चात ही उक्त परिसर की भूमि का हस्तांतरण किया गया। किन्तु मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा इस स्थल को अनुपयुक्त मान लिया गया जबकि इसी खेल परिसर की भूमि पर ही लगभग 20 एकड़ भू-खण्ड पर मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आउटडोर व इनडोर खेलों के लिए स्टेडियम तथा एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है तथा कुछ भू-भाग पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा ही खेल मंत्रालय, भारत सरकार की आर्थिक सहायता से यूथ हॉस्टल का निर्माण किया गया है।

माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूँ कि घोाणानुसार भारतीय खेल प्राधिकरण के उपकेन्द्र के निर्माण हेतु सभी बाधाओं को दूर कर कार्य प्रारंभ किया जाए। इस बहुप्रतीक्षित उपकेन्द्र की स्थापना होने से आजादी के बाद से लगातार उपेक्षित रहे महाकौशल क्षेत्र में खेलों को समुचित प्रोत्साहन देने का मार्ग प्रशस्त होगा।